





डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2021-23

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे


# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 62 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 11 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया


## बादल छटे निकली धूप

**मंदसौर, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार-रविवार को सर्दी से राहत मिली है। बादल छंटने से धूप निकली। जिससे दिन का तापमान बढ़ा है। हालांकि, रात्रि के तापमान में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। इधर मौसम विज्ञानियो ने 11-12 दिसंबर से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। किन्तु, जिले में इसका ज्यादा असर देखने को नहीं मिलेगा। वर्तमान में मौसम सामान्य बना हुआ है।

पिछले दो तीन दिनों से आसमान साफ है। बादल छंटने के बाद दिन में धूप निकलने से सर्दी का एहसास कम हुआ है। धूप निकलने से दिन गर्म और रातें सर्द बनी हुई है। जिले में अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास चल रहा है। मौसम विज्ञानियो के अनुसार मौजूदा वेस्टर्न डिस्टरबेंस कमजोर हो गया है। लेकिन, उत्तर भारत में 11 दिसंबर से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका प्रदेश में असर कम रहने का अनुमान है। लेकिन, रात में ठंड का असर बढ़ेगा। दिन में धूप खिलेगी। उत्तर से सर्द हवाएं आने से ठिठुरन बनी रहेगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दायित्व में आंशिक बदलाव

### शाजापुर प्रांतीय बैठक में कई अहम फैसले, मंदसौर विभाग भी हुआ प्रभावित

**मंदसौर, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक शाजापुर में संपन्न हुई। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए है। इन फैसलो से आंशिक रूप मंदसौर विभाग भी प्रभावित हुआ है। आरएसएस की दृष्टि से मंदसौर विभाग में मंदसौर, नीमच व गरोठ आता है। हालांकि, पहले रतलाम व जावरा भी मंदसौर जिले में ही शामिल थे। लेकिन, अब रतलाम विभाग बनने के बाद रतलाम और जावरा सहित उस तरफ का इलाका रतलाम विभाग में चला गया है।



मंदसौर विभाग संपर्क प्रमुख अब अंकित पांडे होंगे। नटवर अटवाल प्रचार प्रमुख एवं अब तक जिला सह कार्यवाह का दायित्व देख रहे संजय राठौर सह विभाग प्रचार प्रमुख होंगे। विभाग सह कार्यवाह सुमन कुशवाह गरोठ होंगे। संजय घाटिया महाविद्यालय प्रमुख और आशुतोष पालीवाल सह बोद्धिक प्रमुख से बोद्धिक प्रमुख बने है। जबकि, प्रांत प्रचारक पूर्ववत बलिराम पटेल, प्रांत कार्यवाह रघुवीरसिंह, प्रांत शारीरिक प्रमुख विक्रमसिंह रघुवंशी, सह प्रांत कार्यवाह राजमोहन रहेंगे।

जानकारी के अनुसार डॉ प्रकाश शास्त्री अगले 3 वर्ष के लिए पुन: मालवा प्रांत के संघ चालक होंगे। डॉक्टर शास्त्री वर्तमान में भी प्रांत के संघचालक हैं। डॉ मुकेश मोड़ जो अभी तक मालवा प्रांत के सह संपर्क प्रमुख की भूमिका में थे, अब इंदौर विभाग के संघ चालक होंगे। इंदौर विभाग के वर्तमान संघ चालक श्री शैलेंद्र महाजन को अब मालवा प्रांत का सह कुटुंब प्रबोधन प्रमुख बनाया गया है। श्री विनय पिंगले जो अभी इंदौर विभाग के संपर्क प्रमुख का दायित्व संभाल रहे थे, अब मालवा प्रांत के सह संपर्क प्रमुख होंगे। श्री श्रीनाथ गुप्ता जो अभी प्रांत सह संपर्क प्रमुख की भूमिका में थे, उन्हें अब मालवा प्रांत का सह कार्यवाह बनाया गया है।

## पचास वानरों के साथ निकलेगी शोभायात्रा

### तलाई वाले बालाजी मंदिर में स्वर्ण कलश आरोहण और 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ का छह दिवसीय विराट आयोजन 20 से 25 जनवरी 2024 तक होगा

**मंदसौर, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** इस नगर की पहचान जहां भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के कारण है तो वहीं श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर की महिमा के कारण भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त हुई है। मंदिर के प्रति भक्तों की आस्था इसी बात से परिलक्षित होती है कि मंगलवार को चोला चढ़ाने के लिए 22 साल इंतजार करना पड़ेगा, यानी 2045 के पहले मंगलवार को यहां चोला चढ़ाने का कोई भी अवसर नहीं है। क्योंकि पहले से ही बुकिंग हो गई है। यह बुकिंग 2019 में बंद करना पड़ी। शनिवार को चोला चढ़ाने के लिए भी इतनी ही अवधि की प्रतीक्षा भक्तों को करनी पड़ेगी। यह बुकिंग अभी चालू है। प्रतिदिन के चोले के लिए भी 10 साल का इंतजार है।

इतनी महिमा इस मंदिर की है कि अमेरिका में जब राष्ट्रपति के चुनाव हुए और हनुमान भक्त बराक ओबामा उम्मीदवार थे, तो अनेक भारत वंशियों ने जो अमेरिका में निवास करते हैं। उन्हें इस बात की जानकारी थी कि मंदसौर के श्रीतलाई वाले बालाजी मंदिर में कोई भी अनुष्ठान किया जाता है तो वह अवश्य पूरा होता है। इसलिए यहां बराक ओबामा की जीत के लिए अनुष्ठान कराया गया और ओबामा चुनाव जीते। इसी मंदिर पर आगामी 20 से 25 जनवरी 2024 तक 6 दिवसीय स्वर्ण कलश आरोहण एवं 108 कुंडीय श्री हनुमंत महायज्ञ का विराट आयोजन किया जाएगा। इसी निमित्त 15 दिसंबर 2023 शुक्रवार को दया मंदिर परिसर में यज्ञशाला निर्माण का भूमि पूजन एवं धर्म ध्वजा की स्थापना की जाएगी।

श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी एडवोकेट एवं सचिव धन्नालाल माली एवं समस्त न्यासी गणों ने यह जानकारी



पत्रकारो से चर्चा में दी। उन्होंने बताया कि विगत 28 वर्षों र्से श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर का निर्माण का कार्य चल रहा है, जो अब यह लगभग पूर्णता की ओर है। श्री बालाजी अब समय है महाराज के स्वर्ण कलश के आरोहण और मंदिर के पूर्ण निर्माण के शुभारंभ के दिनों का चयन का। ये चयन इसीलिए किया कि पहले अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के मंदिर की प्रतिष्ठा होगी और उसके बाद मंदसौर में श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर में स्वर्ण कलश की स्थापना होगी और नया निर्माण पूर्ण होकर मंदिर का भव्य स्वरूप प्रदर्शित होगा। उन्होंने बताया कि पांच कलात्मक स्वर्ण कलश का आरोहण मंदिर पर किया जाएगा।

श्री त्रिवेदी ने बताया कि 20 से 25 जनवरी 2024 तक यह पांच दिवसीय आयोजन होगा। जिसमें प्रथम दिवस 20 जनवरी को भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। 21 जनवरी को श्री हनुमंत महायज्ञ का शुभारंभ होगा 25 जनवरी को प्रात: 8.30 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद स्वर्ण कलश की शोभायात्रा निकलेगी। इसी दिन 12:15 बजे दोपहर अभिजीत मुहूर्त में स्वर्ण कलश की प्रतिष्ठा की जाएगी।

पत्रकारो से चर्चा में बताया गया कि इस विराट व भव्य आयोजन में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानन्द तीर्थ ज्योर्तिमठ अवान्तर भानपुरा पीठ म.प्र., स्वामी श्री वरुणेंद्र जी तीर्थ युवाचार्य ज्योर्तिमठ अवान्तर भानपुरा पीठ, प्रसिद्ध विद्वान व कथाकार पूज्य भागवत ऋषि जी भागवत विद्यापीठ सोला अहमदाबाद, प्रसिद्ध विद्वान व कथाकार आचार्य रामानुज जी अधिष्ठाता मानवता मिशन ट्रस्ट, आचार्य श्री हरेश भाई शास्त्री अहमदाबाद, श्री चैतन्य आश्रम मेंनपुरिया के पूज्य संत श्री मणिमहेश चेतन्य जी महाराज अपना सानिध्य प्रदान करेंगे। साथ ही अंचल के सुप्रसिद्ध कथाकार पं. भीमाशंकर जी शास्त्री धारियाखेडी, पं. दशरथ भाई शर्मा भी छह दिवसीय आयोजन में अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करेंगे। यज्ञाचार्य डॉ देवेंद्र शर्मा शास्त्री होंगे। रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में छहो रात्रि में पंडित हरेश भाई शास्त्री के प्रवचन भी होंगे। 25 जनवरी को इसी स्थान पर भंडारा प्रसादी का भी आयोजन होगा। लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि छह दिवसीय इस भव्य व विराट आयोजन के प्रथम दिन 20 जनवरी को भव्यतम शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें हाथी, घोड़ा बग्गी, लेजिम शो, बैंड बाजे, ढोल शामिल रहेंगे और 50 वानर भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। पत्रकार वार्ता में पं.श्री त्रिवेदी एवं श्री माली ने बताया कि श्री बालाजी मंदिर का नव निर्माण सभी भक्तों और श्रद्धालुओं के सहयोग से पूर्ण हुआ है। सभी की भावनाओं के अनुरूप स्वर्ण कलश आरोहण का यह भव्यातिभव्य आयोजन होने जा रहा है जिसमें कलात्मक पांच स्वर्ण कलश का निर्माण करवाया गया है।

यह हम नगर और अंचल वासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि श्री हनुमान जी महाराज तलाईवाले बालाजी के नाम से यहां विराजमान है और उनकी कृपा हम सब पर सदा बरसती है। उनकी महिमा अपरंपार है। नगर में लगातार अल्प वर्षा का दौर चल रहा था। वर्ष 2006 में तलाई वाले बालाजी मंदिर में अच्छी वर्षा की कामना के लिए पर्जन्य यज्ञ कराया गया था, जो नगर में पहली बार हुआ था। उस वर्ष मंदसौर में 56 इंच वर्षा हुई थी। मान्यता है कि श्री बालाजी महाराज यहां साक्षात विराजमान है और सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं और जो भी प्रार्थना करते हैं वह अवश्य पूरी होती है। पत्रकार वार्ता में मंदिर के समस्त ट्रस्टीगणो ने नगर एवं अंचल के समस्त धर्मानुरागी महानुभावों से 20 से 25 जनवरी तक पांच दिवसीय भव्य आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है। पत्रकार वार्ता में मंदिर ट्रस्ट के सदस्य दिलीप कुमार जोशी, गोपाल गोयल, जय प्रकाश सोमानी, ओम प्रकाश व्यास भी उपस्थित थे।

## धराड़ में सूने घर का ताला तोड़ कर लाखों की नगदी और जेवर चुराए

**रतलाम, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** जावरा और रतलाम जैसे शहरों में जबर्दस्त सक्रियता दिखाने के बाद अब चोरों ने गांवों को भी निशाना बनाना शुरु कर दिया है। बीती रात समीपस्थ ग्राम धराड में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोडकर लाखों रु. नगदी और जेवरात चुरा लिए। बिलपांक पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी खोजबीन प्रारंभ कर दी है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, धराड के राजपूत मोहल्ला में रहने वाले महिपाल सिंह राठौड की पत्नी व अन्य परिजन, किसी रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गांव से बाहर गए हुए थे। फरियादी महिपाल सिंह रतलाम की एक फैक्ट्री में काम करते है। नाईट शिफ्ट होने से वे शुक्रवार रात को अपने घर में ताला लगाकर फैक्ट्री चले गए थे। वे जब शनिवार सुबह ड्यूटी खत्म कर अपने घर लौटे तो उन्होने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। भीतर जाकर देखने पर पता चला कि घर में रखी अलमारी और पेटी के ताले भी टूटे हुए थे और घर का सारा सामान अस्तव्यस्त पडा था।

घर में रखे सामान को चैक करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने 17 लाख रु. नगद रुपयों के साथ सात तोले सोने के जेवर और डेढ किलो वजनी चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया था। इतना ही नहीं अज्ञात चोरों ने पेटी में रखे तांबे और पीतल के बर्तनो को भी नहीं छोडा। वे तांबे और पीतल के बर्तन भी ले गए। सोने के जेवरात में हार, चैन, अंगूठियां और पौंची इत्यादि थे। इस तरह चोरो ने कुल करीब 22 लाख रु के माल पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिलपांक पुलिस के अधिकारी मौके पर पंहुचे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक किए तो पता चला कि पांच आरोपी नकाब पहन कर आए थे। उन्होने महिपाल सिंह के घर का ताला तोडने के पहले आसपास के घरों को भी चैक किया कि वहां लोग सोए हुए है या नहीं। बिलपांक पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उनकी खोजबीन प्रारंभ कर दी है।

## सीतामऊ में चोरी का प्रयास करने वाले बदमाश पुलिस गश्त को देख भागे, फायरिंग भी हुई

**मंदसौर, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ नगर की सिद्धी विनायक कॉलोनी में बदमाशो ने चोरी की नियत से एक बार फिर आमद दी। आधी रात को बदमाशो ने एक मकान को निशाना बनाने का प्रयास किया। लेकिन, सही समय पर गश्ती पुलिस के पहुंचने पर बदमाश भाग निकले। यहां चोरों द्वारा फायरिंग करके भागने की खबरें भी सुर्खियां बटोर रही थी। हालांकि फायरिंग की बात से पुलिस ने इंकार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रात 02 से 2.30 के बीच में चोरों ने सिद्धी विनायक कॉलोनी स्थित एक मकान का



ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। हालांकि इस दौरान गश्त कर रही पुलिस उस क्षेत्र में पहुंच गई। इसके बाद बदमाश यहां से भाग निकले। सोशल मीडिया पर चली खबरों के अनुसार यहां करीब पांच बदमाश चोरी की नियत से आए थे। पुलिस को देखकर फायरिंग कर भाग निकले। हालांकि टीआई किशोर पाटनवाला ने बताया कि बदमाश मकान में चोरी की नियत से पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस वहां पहुंच गई। बदमाश पुलिस को देखकर भाग निकले। यहां फायरिंग की खबर गलत है।

## छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे विष्णुदेव साय

### भाजपा विधायक दल की बैठक में फैसला, अब डिप्टी सीएम के नाम पर चर्चा

**रायपुर, 10 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के अगले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। भाजपा विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव के नाम पर सहमति बना ली गई है। इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में चल रही विधायक दल की बैठक में नियुक्त तीनों पर्यवेक्षकों सहित पार्टी के बड़े नेता बैठक में उपस्थित हैं। इसके बाद डिप्टी सीएम के नाम को लेकर चर्चा शुरु हो गई है।



बताया गया है कि विष्णुदेव साय कुनकुरी से विधायक हैं और प्रदेश के बड़े आदिवासी नेता है। वे दो बार छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भी रहे हैं। प्रचार के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि इन्हें जिताइए, मैं इनको बड़ा आदमी बना दूंगा। वहीं रविवार को विधायक दल की बैठक से पहले रमन सिंह और संगठन महामंत्री पवन साय के साथ भी पर्यवेक्षकों ने चर्चा की थी।

तीन चरणों में चल रही बैठक में सबसे पहले तीनों पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सर्बानंद सोनोवाल व दुष्यंत कुमार गौतम की बैठक प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, नितिन नबीन व अजय जामवाल के साथ हुई। इसके बाद संगठन महामंत्री पवन साय व रमन सिंह के साथ तीनों पर्यवेक्षक ने बैठक कर उनकी राय जानी। तीसरे चरण में विधायक दल की बैठक में नए सीएम विष्णुदेव साय के नाम को तय किया गया। इसमें सभी विधायकों से एक साथ के अलावा विधायकों से वन-टु-वन चर्चा भी हुई है। इसके बाद पर्यवेक्षकों की ओर से मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला हुआ है।

भाजपा की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक सुबह 9 बजे रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। इसके बाद अर्जुन मुंडा, दुष्यंत कुमार गौतम व सर्बानंद सोनोवाल एयरपोर्ट से सीधे भाजपा प्रदेश कार्यालय रवाना हुए। यहां पहुंचने पर तीनों का प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने स्वागत किया। ऐसा कहा जा रहा है कि तीनों राज्यों में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होना है। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह सहित संगठन के बड़े नेता पहुंच सकते है।

## बागियों ने किया कांग्रेस का ज्यादा नुकसान

### चार चुनावों में 8 बागी हुए कांग्रेसी, भाजपा को एक बार पहुंचा नुकसान

**मंदसौर, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस। अपनी पार्टी के नेताओं को संभालकर रखने में भाजपा कांग्रेस से आगे हैं। टिकीट वितरण के बाद नाराजगी का दौर हमेशा चलता है। लेकिन, बागी बनकर सीधे भाजपा के ही प्रत्याशी को हराने के मकसद से चुनाव मैदान में उतरने की परंपरा यहां न के बराबर रही। जबकि, कांग्रेस नेताओं और उनकी समर्थको के आक्रोश को संभालने में असफल रही। मंदसौर संसदीय क्षेत्र के चार चुनावों में कांग्रेस के आठ बागी मैदान में उतरे। इन सभी में कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई। अधिकांश में हार का कारण बागी ही रहा। भाजपा को एक बार बागी ने नुकसान पहुंचाया। जबकि दो बार बागी मैदान में उतरे।**

#### मंदसौर क्षेत्र में तीन बार नुकसान...

मंदसौर सीट पर तीन बार कांग्रेस को बागी उम्मीदवार ने नुकसान पहुंचाया। मंदसौर से 2008 में कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल कामराज बागी बने और बीएसपी का दामन थाम लिया, वे 5677 मत लाए। कांग्रेस के महेंद्र गुर्जर लगभग 1600 मतों की छोटी सी हार को झेलना पड़ी। 2013 में मंदसौर सीट से जिपं उपाध्यक्ष आशिया बी बागी बनीं और 17 हजार 332 मत ले गईं। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी महेंद्र गुर्जर फिर चुनाव हारे। यहां थोड़ा सा पिछे चले तो भी 1990 में मंदसौर विस से कय्यूम खान लाला निर्दलीय लड़े और 15 हजार 575 मत लाए। वोट बैंक में सेंध लगने से कांग्रेस प्रत्याशी श्यामसुंदर पाटीदार हारे।





#### बागी के कारण सोजतिया भी हारे...



2018 में गरोठ सीट से सुभाष सोजतिया महज 2108 मतों से हारे। यहां हार का कारण रहा कांग्रेस का बागी उम्मीद्वार। कांग्रेस से बागी होकर तूफानसिंह चुनाव मैदान में उतरे। वे 18 हजार 148 मत ले गए। नतीजा अधिकृत प्रत्याशी सुभाष सोजतिया 2108 मतों से हार गए।

#### नीमच में उमरावसिंह गुर्जर बने बागी...



उमरावसिंह गुर्जर को कांग्रेस ने मंडी अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष बनाया। फिर भी 2008 में नीमच से बागी बने और 23 हजार 371 मत लाए। अधिकृत प्रत्याशी रघुराजसिंह चौरड़िया हार गए। उमराव का निष्कासन 6 साल का था। लेकिन, सालभर में वापसी हो गई। 2018 में मनासा और 2023 में नीमच से कांग्रेस उम्मीदवार बने, हालांकि दोनो बार हार गए।

#### जावद में बागियों को मौका, फिर भी हारे...

2008 में कांग्रेस ने राजकुमार अहीर को जावद से टिकट दिया हारे। 2013 में बागी बने और 42 हजार 503 मत लाए। खुद के अलावा कांग्रेस के अधिकृत रघुराजसिंह चौरड़िया को भी हराया। 6 साल के लिए निष्कासित राजकुमार 2018 में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी बन गए। हालांकि उन्हें तीनों बार हार ही नसीब हुई। इस बार पार्टी विरोधी गतिविधि के चलते पार्टी से निकाले गए। समंदर पटेल को 2018 में कांग्रेस से टिकट ना मिला तो बागी बने और 33 हजार 712 मत लाए। कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार हारे। पार्टी ने 2023 में समंदर को उम्मीदवार बना डाला, हालांकि वे जीत नहीं पाए।





#### भाजपा को मनासा में नुकसान हुआ...



2008 में मारू मनासा से बागी हुए और 33 हजार 197 मत ले आए, भाजपा प्रत्याशी कैलाश चावला हारे। 2013 में भी मारू 30 हजार 264 मत ले आए थे। भाजपा ने उनकी पकड़ को समझा और 2018 व 2023 में लगातार प्रत्याशी बनाया, माधव चुनाव भी जीते। 2023 में जावद विस से भाजपा नेता पूरण अहीर ने भाजपा से पुनः ओमप्रकाश सकलेचा का नाम तय होने पर बागी बनना तय किया और 36 हजार 151 मत ले आए, हालांकि सकलेचा जीत गए। लेकिन यह जीत महज दो हजार मतों के आसपास ही रही।



#### मल्हारगढ़ में कांग्रेस से बागी हुए श्यामलाल जोकचंद...



2008, 2013 में कांग्रेस के टिकट पर मल्हारगढ़ विस में हारे जोकचंद 2023 में बागी बने और 56 हजार 474 मत ले आए। कांग्रेस प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया तीसरे नंबर पर आकर हारे। यहां विधानसभा बनने के बाद से लगातार बीजेपी के जगदीश देवड़ा जीत रहे है।

#### जावरा में जीवनसिंह...



2023 में जावरा विस से जीवनसिंह शेरपुर अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस से संपर्क में थे। हालांकि बाद में निर्दलीय लड़ने का फैसला लिया और 40 हजार 766 मत ले आए। यहां भी कांग्रेस हारी।

## जिले में डूबती कांग्रेस को विपिन का सहारा...

**दर्द-ए-दिल**
**कुमार दशपुरी**

**मंदसौर, 10 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणाम को लेकर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं लगातार चल रही है, उसमें जो सूर निकल रहे हैं। उनमें कहा जा रहा है कि पार्टी नहीं हारी उम्मीदवार हारा है। कहीं कहा जा रहा है कि पार्टी नहीं जीती, उम्मीदवार जीता है। अब जो भी हो, लेकिन यदि चुनाव परिणाम के बाद हम जिले की कांग्रेस को देखें तो यही बात निकल कर आ रही है कि जिले में डूबती कांग्रेस को अब विपिन का ही सहारा है।

इतनी विपरीत परिस्थितियों में विपिन जैन ने मंदसौर विधानसभा सीट बमुश्किल ही सही, लेकिन निकाल ली है। यह कांग्रेस के लिए कोई छोटी उपलब्धि नहीं है कि मंदसौर विधानसभा जो कि भाजपा का गढ़ है, यहां भाजपा के पक्ष में पूरे प्रदेश और देश में आंधी चली, उसके बावजूद भी कांग्रेस को यह सीट विपिन जैन ने जीत कर दी है। बाकी तो शेष सभी जगह पर कांग्रेस का बंटाढार ही हुआ है। सुवासरा में राकेश पाटीदार शुरू से ही हरदीप सिंह के सामने बोने उम्मीदवार साबित हो रहे थे, पार्टी ने फिर से उन्हीं पर दाव खेलकर आत्मघाती कदम उठाया। उधर गरोठ में बूढ़े हो चुके बीमार नेता सुभाष सोजतिया को उम्मीदवार बनाना कांग्रेस के लिए उल्टा दाव हो गया। मल्हारगढ़ की फजीती जग जाहिर है। यहां श्यामलाल जोकचंद की कीमत कांग्रेस नहीं पहचान सकी। और बगावत में कांग्रेस ने यह सीट भी गंवा दी।

इन विधानसभा चुनाव में यह कहा जाए तो भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राजनीतिक आकलन, पूर्वाभास और भविष्यवाणी केवल मंदसौर में ही सटीक बैठी। चुनाव के पहले चुनाव के बाद और मतगणना के पहले मंदसौर विधानसभा क्षेत्र को लेकर विपिन जैन की जीत की संभावनाएं चारों ओर से जताई जा रही थी। अंतत: विपिन जैन चुनाव जीत गए, यदि मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस की पराजय हो जाती तो लगभग यह मान लिया जाता कि जिले में कांग्रेस पूरी तरह से डूब चुकी है। लेकिन, विपिन ने मंदसौर में करिश्मा कर कांग्रेस को अभी भी मुकाबले में बनाए रखा है। हालांकि लोकसभा चुनाव में जिले और संसदीय क्षेत्र के चुनाव परिणाम के आंकड़ो को देखकर कांग्रेस के लिए उत्साहित होने की गुंजाइश कहीं से कहीं तक नहीं है। लेकिन, फिर भी यह तो कहा ही जा सकता है कि इस डूबती कांग्रेस को एक विपिन जैन का ही सहारा है। मंदसौर जिला मुख्यालय पर रहने वाले कांग्रेस के तमाम दिग्गज नेताओं ने पार्टी को डुबोने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विपिन भी मंदसोरी नेताओं को मन में नहीं भा रहे हैं। लेकिन फिर भी विपिन ने जो करिश्मा किया है, जो प्रदर्शन किया है। उसके आगे मंदसौर के कांग्रेस नेताओं को घुटने टेकने के अलावा कोई चारा भी नहीं है।

# महाकाल की शाही सवारी आज, उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

उज्जैन 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। कार्तिक- मार्गशीर्ष (अगहन) माह में सोमवार को भगवान महाकाल की शाही सवारी निकलेगी। अवंतिकानाथ श्री मनमहेश स्वरूप में भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। महाकालेश्वर मंदिर से शाम 4 बजे शाही ठाट-बाट के साथ सवारी शुरू होगी।

प्रशासक संदीप कुमार सोनी ने बताया दोपहर 3.30 बजे मंदिर के सभामंडप में भगवान मनमहेश का विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सवारी नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र बल की टुकड़ी अवंतिकानाथ को सलामी देगी इसके बाद कारवां शिप्रा तट की ओर रवाना होगा।

### सबसे आगे महाकालेश्वर मंदिर का रजत ध्वज

सवारी में सबसे आगे महाकालेश्वर मंदिर का रजत ध्वज रहेगा। इसके बाद पुलिस का अश्वरोही दल, पुलिस बैंड, सशस्त्र बल की टुकड़ी शामिल रहेगी। शाही सवारी में परंपरागत नौ भजन मंडल को शामिल होने की अनुमति भी रहेगी।

### यह रहेगा शाही सवारी मार्ग

महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर सवारी कोटमोहल्ला, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट पहुंचेगी। यहां पुजारी शिप्रा जल से





भगवान मनमहेश का अभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे। पूजन पश्चात सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, कार्तिक चौक, सत्यनारायण मंदिर टंकी चौराहा, तेलीवाड़ा, कंठाल चौराहा, सती गेट, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार होते हुए पुन: श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी।

### रूद्राक्ष व डमरू से सजेगा भस्म रमैया रथ

कार्तिक अगहन मास की शाही सवारी में इस बार भस्म रमैया भक्त मंडल का भस्म रमैया रथ भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। मंडल संस्थापक प्रवीण मादुस्कर ने बताया शाही सवारी के लिए रथ को एक लाख रूद्राक्ष व डमरुओं से सजाया जा रहा है। राजाधिराज के नगर भ्रमण पर निकलने की खुशी में रथ से शंख, डमरू व बिगुल से मंगल ध्वनि की जाएगी। मंडल के सदस्य शिव प्रिय वाद्य यंत्र झांझ डमरू की मंगल ध्वनि करते चलेंगे। शिव रथ व झांझ डमरू बजाते युवाओं की टोली भक्तों को खासा आकर्षित करती है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु आनंदित हो जाते हैं।

# राजीव गांधी खेल प्रांगण में खिलाड़ियों से की मुलाकात
## खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास होंगे-जैन

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। रविवार को मंदसौर के नवनिर्वाचित विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विपिन जैन ने राजीव गांधी महाविद्यालय खेल मैदान पहुंचकर खिलाडियो से मुलाकात की। विधायक श्री विपिन जैन ने इस दौरान खेल मैदान पर क्रिकेट खिलाडियो से मुलाकात करते हुये खेल गतिविधियो की जानकारी ली। श्री जैन ने खिलाडियो के साथ क्रिकेट का लुत्फ उठाने के साथ ही खिलाडियो से खेल सुविधाओ को बेहतर करने के लिये सुझाव जान उन्हे आगामी दिनो में यथा संभव अमल में लाने का भरोसा दिलाया।



# अपने अधिकार की रक्षा करें, किसी के अधिकार का हनन न करें-रातड़िया

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा मानव अधिकार दिवस के अवसर पर मानव अधिकार संगोष्ठी का आयोजन किया गय।

इस अवसर पर विधिवेत्ता श्री प्रकाश रातडिया ने कहा कि मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता आवश्यक है ताकि प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकार की रक्षा करेंफ्व किसी के अधिकार का हनन न करें. विधि की प्रक्रिया अनुसार दोषी व्यक्तियों को दण्डित करना स्वस्थ समाज के लिए जरुरी है किन्तु आजकल विधिक प्रक्रिया को अपनाए बिना संदिग्ध व्यक्तियों को विधि से परे मनमाना दंड देने की प्रवृति बढ रही है. विधि अनुसार दंड में असफलता का कारण अनुसंधान ऐजन्सियो की अक्षमता, साधनों का अभाव जिम्मेदार है। संदिग्ध व्यक्तियों के मकान तोड़ना व एन्काउंटर कर उन्हें मार देना मानव अधिकारो के अनुरूप नही है. आपने कहा कि हर व्यक्ति को भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा, स्वास्थ व सम्मानपूर्ण जीवन मिले यह मानव अधिकारों का तकाजा है।

विधि व्याख्याता श्री सुनील बडोदिया ने कहा कि सबके प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार मानव अधिकारों का सार है .आपने कहा कि भारत के संविधान में मानव अधिकार मान्य किये गए है इसलिए भारत में मानव अधिकारों का सम्मान है. हिंदी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार जोशी ने कहा



कि बचो के अधिकारों का संरक्षण कर मानव मात्र को लाभान्वित किया जा सकता है. साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता से ही ये अधिकार साकार हो सकते है. विधि विद्यार्थी श्री शुभम जैन ने विचार व्यक्त किये. आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक श्री विनोद शर्मा एडवोकेट ने मानव अधिकार घोषणा का वाचन किया, स्वागत भाषण श्री जैन दिवाकर कमल गोशाला सिन्दपन के अध्यक्ष श्री नीलम वीरवाल ने दिया. श्री महेश कानूनगो ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की. समाजसेवी श्री विजय खटोड , सरपंच श्री शंकर लाल पाटीदार ,श्री रवीन्द्र पाटीदार, श्री कोमल बाघेरिया , पंडित प्रकाश दीक्षित, डॉ.रवीन्द्र जोशी, श्री पंकज वेद, श्री प्रीतम सिंह चंदवानी, डॉ.प्रकाश चांदवानी, प्रकाश कल्याणी, श्री मुकेश रत्नावत, श्री ओम प्रकाश मावर, श्री शांतिलाल सोनी, श्री विश्वनाथ सोनी, श्री प्रवीन गुप्ता ने संगोष्ठी में सहभागीता की, सञ्चालन अध्यात्मिक संवाद के संयोजक श्री रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन श्री सुनील गुप्ता फरक्या ने किया.

### कलश यात्रा की तैयारी को लेकर मातृशक्ति की बैठक आज

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। आगामी 17 से 23 दिसंबर तक मंदसौर शहर के नयापूरा रोड स्थित रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का सात दिवसीय आयोजन काबरा एवं गर्ग केडिया परिवार द्वारा किया जा रहा है ।व्यास पीठ पर महामंडलेश्वर परम पूज्य श्री श्री उत्तम स्वामी जी आसीन होकर श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे।

श्रीमद् भागवत कथा आरंभ दिवस 17 दिसंबर को मंदसौर नगर में भव्य पोथी ओर कलश यात्रा निकाली जाएगी, कलश यात्रा की तैयारी को लेकर आज 11 दिसंबर सोमवार को दोपहर 2 बजे माहेश्वरी धर्मशाला नयापुरा रोड मंदसौर पर मातृशक्ति की एक विशेष मीटिंग आयोजित की गई है जिसमें 17 दिसम्बर को 1100 महिलाएं सर कलश धारण करेंगी उसकी रूपरेखा तैयार की जायेगी। काबरा एवं गर्ग केडिया परिवार ने मंदसौर शहर में निवासरत सामाजिक, धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहने वाली बहनों से अनुरोध किया कि आज 11 दिसंबर को कलश यात्रा की तैयारी को लेकर आयोजित मीटिंग में आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारे और अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन देवे। साथ ही यह भी बताया कि कलश यात्रा में सर पर कलश धारण करने वाली सभी मातृशक्ति को श्रीमद् भागवत कथा के प्रसाद के रूप में वह कलश अपने-अपने घर ले जाने के लिए रहेगा।

# मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवक कल से रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के देशव्यापी आह्वान पर अ.भा. ग्रामीण डाक सेवक संघ संभाग मंदसौर व नीमच संभाग द्वारा 12 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए अ.भा.ग्रामीण डाक सेवक संघ मंदसौर के अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, सचिव माधुलाल शर्मा, नीमच शाखा अध्यक्ष गोपाल गुर्जर व सचिव रतनलाल शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा जानबूझकर हड़ताल धरना प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है लेकिन विभाग एवं सरकार हमारी वाजीब मांगों को रोंद रही है। देश आजाद होने के बाद भी ग्रामीण डाक सेवक भयंकर त्रासदी भोग रहे है। गांव में डाक बांटने वाला ग्रामीण डाक सेवक सरकारी कर्मचारी नहीं कहलाता डाक विभाग अतिरिक्त कर्मचारी ही मानता है। डाक विभाग का 70 प्रतिशत इनकम ग्रामीण डाक सेवकों के जरिए ही आता है। फिर भी डाक विभाग ग्रामीण डाक सेवकों को 4 से 5 घंटे का काम के हिसाब से वेतन दे रहा है, जबकि ग्रामीण डाक सेवकों से 8 घंटों से भी अधिक काम लिया जा रहा है। सरकारी कर्मचारी वाली कोई सुख सुविधाएं भी नहीं दी जा रही। मेडिकल सुविधा नहीं दी जा रही। पेंशन भी नहीं दिया जाता है। आजादी के इतने साल बाद भी डाक विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवकों के सेवा शर्तों में र्सुधार नहीं किया गया। इसको लेकर संगठन की ओर से लम्बे समय से आंदोलन करते आ रहे हैं। हमारी मांगों में नियमित कर्मचारियों के समान ग्रेज्युटी में वृद्धि करने, परिवार को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, समान कार्य के लिए समान वेतन सिद्धांत के तहत 5 घंटे के काम नियोजित नये कर्मचारियों को कार्यभार के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि में भेदभाव समाप्त करने की मांग आदि शामिल है। हड़ताल के दौरान प्रधान डाकघर एवं संभागीय कार्यालय के सामने अ.भा. ग्रामीण डाक कर्मचारी सेवक संघ के हड़ताली कर्मचारी नारेबाजी एवं विरोध प्रकट भी करेंगे। अ.भा.ग्रामीण डाक सेवक संघ संभाग मंदसौर व नीमच के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने अधिक से अधिक ग्रामीण डाक कर्मचारियों से 12 दिसम्बर से की जा रही अनिश्चित कालीन हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है।

# पालीवाल को सेवानिवृत्ति पर ग्रामवासियों ने दी विदाई

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। शिक्षक का राष्ट्र निर्माण मे क्या योगदान होता है श्री दिनेश पालीवाल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। 42 वर्षों के अपने अध्यापन कार्यकाल मे सरकार से समाज और विद्यार्थी से वयोवृद्ध तक को आपने पूर्ण निष्ठा से अभेद सेवाएं प्रदान की।

सज्जन सरल सतत कार्यशील स्वभाव के धनी श्री पालीवाल सर ने जहाँ सेवाए दी वही एक अपना एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। चाहे वह नन्दावता का हनुमान मंदिर हो या चोसला का हनुमान मंदिर हो या मंगरोला का मंदिर शिखर ये जब तक स्थापित रहेंगे समाज को आपकी कीर्ति और कर्मयोग का परिचय कराते रहेगे। न केवल संस्कृति बल्कि कृषि के उत्थान में आपने क्षेत्र को नयी दिशा प्रदान की शिवना नदी स्टाप डेम क्रमांक 1 आज भी आपकी प्रेरणा व सहयोग का अपत्र प्रमाण साक्ष्य है। मंगरोला प्रा वि परिसर मे श्री दिनेश पालीवाल के हाथो से रोपे गए अमलतास व नीम के पेड तथा शाला का सुरम्य वातावरण बचो के लिए ही नही वरन् आगन्तुक प्रत्येक व्यक्ति के लिए आकर्षण का केन्द्र है। मंदसौर जिले के संस्कृत प्रभारी का दायित्व आप बखूबी निभा रहे है। आपके मार्गदर्शन मे श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के बटुको ने अनेक बार राज्य स्तरीय प्रति स्पर्धाओं मे मंदसौर जिले का नाम रोशन किया है । आपके इन्ही प्रयासों व सामाजिक दायित्व निर्वाह के प्रतिफल स्वरूप व जनगणना मे उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्र पति पदक व सम्मान पत्र प्राप्त हुआ।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय मगरोला संकुल करजू में श्री दिनेश पालीवाल को भावभीनी विदाई दी गई, श्री पालीवाल पदोन्नत होकर शा.उ.मा.वि. जवासिया में पदस्थ हुए हैं। शा.प्रा.वि. मगरोला में श्री पालीवाल का सम्मान समारोह हुआ, जिसकी अध्यक्षता संकुल प्राचार्य श्री सी एस भाटी ने की, कार्य क्रम के मुख्य अतिथि करजू के पूर्व सरपंच व जनपद प्रतिनिधि श्री शंकरलाल आजना, विशिष्ट अतिथि चोसला रावले साहब मोहन सिंह सिसौदिया एवं शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव श्री अखिलेश मेहता, सेवा निवृत्त शिक्षक श्री पंड्या श्री भगवानसिंह आंजना सेनि.शिक्षक, श्री सोनी, अतिथि श्री भगत पाटीदार जनपद सदस्य, श्री कृष्णकुमार जैन उपसरपंच



करनाखेडी, श्री भगवान सिंह आजना पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, श्री जगदीश पाटीदार पूर्व सरपंच व सचिव एवं ग्राम सहायक, श्री रणत सिंह भाटी, श्री घनश्याम राठौड करना खेडी, श्री विरेन्द्र शर्मा जवासिया, श्री बगदीराम पाटीदार पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष, श्री राधेश्याम पाटीदार पूर्व सरपंच नन्दावता, श्री अशोक सोलंकी सरपंच नन्दावता, श्री गजेंद्र जैन, श्री दिनेश डूंगरवाल, श्री दीनदयाल शर्मा, श्री बापू लाल पाटीदार अफसर, श्री किशोर पाटीदार, श्री मेवालाल पाटीदार, श्री मोहनसिंह पवार एडवोकेट, श्री फतेह सिंह जैन, श्री बंटी भाई सूर्यवंशी श्रीनन्दलाल पालीवाल, बसंतीलाल विश्वकर्मा, श्री बालमुकुंद विश्वकर्मा, श्री बाबूलाल विश्वकर्मा, श्री रघुनाथ पाटीदार, श्री रामेश्वर मालवीय, श्री राकेश पालीवाल, श्री शब्बीर भाई, मुबारिक भाई, श्री हीरालाल आंजना, श्री वन सिंह आंजना, श्री विजय सिंह आंजना, श्री उदय सिंह मगरोला, श्री देवी सिंह पटेल सा. श्री देवीलालश प्रजापति, श्री भेरुलाल मालवीय, श्री अन्तर सिंह, श्री राम सिंह, श्री गड्डू सिंह पँवार, श्री उम्मेदराम मालवीय शिक्षक, श्री देवीलाल मालवीय, श्री राकेश यादव, श्री शंकरलाल मालवीय, श्री शालिग्राम मालवीय, जनशिक्षक सर्व श्री प्रदीप पाटीदार, देवेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र पाटीदार, स्वदेश जोशी, कैलाश पाटीदार, बद्री लाल किटकर, उमेश यादव, केएल प्रजा पति, नानालाल राठौड, श्री कुमावत, अनोखीलाल नलवाया श्रीमति अंजू जोशी, ललिता प्रजापति, यशोदा पाटीदार, मंजुला सोपरा, श्रीनंदराम दरिंग, श्री कचरू लाल राठोड, श्री रणत सिंह भाटी, श्री फतेह सिंह जैन, श्री मोहन सिंह पँवार, श्री शिवराज सिंह पँवार एडवोकेट, श्री कैलाश शर्मा कटलार, श्री ओ पी जोशी करजू, श्री यशवंत जोशी करजू, श्री प्रभुलाल पाटीदार रामनगर, श्री नाहर सिंह झाला चोसला, श्री राजेन्द्र सिंह पाटीदार, श्री सेठिया श्री गुप्ता, श्री आजना आदि शिक्षक / शिक्षिकाएं व छात्र / छात्राएं एवं मगरोला के समस्त गणमान्य नागरिक बडी संख्या में उपस्थित थे। सभी श्री पालीवाल के रचनात्मक कार्यो की प्रशंसा करते हुए सम्मान किया।

### आईईसी वेन ग्राम पंचायतों में पहुंच कर योजनाओं को करेगी प्रचारित, 26 जनवरी तक जारी रहेगी यात्रा

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से लाभान्वित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यात्रा में आईईसी वेन द्वारा ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँच कर कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार होगा।

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2024 तक प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलेगी। भारत सरकार द्वारा सभी जिलों को आईईसी वेन उपलब्ध करायी जायेगी। आईईसी वेन द्वारा सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। आईईसी वेन में उपलब्ध ऑडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट इत्यादि से सूचनाओं और जानकारियों को आमजन तक पहुँचाया जायेगा। नगरीय क्षेत्र में प्रति 10 हजार जनसंख्या पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें पिछडी, कम आय वाली और सघन शहरी बस्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। बड़े नगरीय क्षेत्रों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक वेन प्रति सप्ताह कम से कम 14 कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रत्येक पंचायत में एक कार्यक्रम आयोजित होगा। आईईसी वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने के पहले संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। हितग्राहियों के आवेदन लिये जायेंगे। हितग्राहियों का चयन और आवेदनों के निराकरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

भारत सरकार और राज्य सरकार प्रमुख योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लक्षित लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिये प्रतिबद्ध है। स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण, एलपीजी कनेक्शन, आवास, स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ पेयजल सुविधा, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुँचाने का लक्ष्य योजना में निर्धारित किया गया है। राज्यों के सहयोग से भारत सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाने के लिये भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की है।

# हमारे मानव अधिकार हमें स्वतंत्र रूप से जीने में मदद करते हैं-न्यायाधीश सिंह

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। मानव अधिकार दिवस प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और नए संयुक्त राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक, मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषणा का सम्मान करने के लिए तिथि का चयन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकार दिवस घोषित किया था, जिसका उद्देश्य विश्वभर के लोगों को मानवाधिकारों के महत्व के प्रति जागरूक करना और इसके पालन के प्रति सजग रहने का संदेश देना है।



लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा इस अवसर पर जिला जेल परिसर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विशेष न्यायाधीश श्रीमान अजय कुमार सिंह ने कहा कि माननीय न्यायपालिका सभी के मानवाधिकारों के लिए सजग है एवं निरुद्ध बंदी भाइयों को समय समय पर उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया जाता है। श्रीमान हर्ष सिंह बहरावत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशेष अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कहा की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर सभी के लिए समान रूप से मानव अधिकारों के लिए प्रयासरत है चाहे वह सामान्य नागरिक हो या निरुद्ध बंदी भाई। निरुद्ध बंदियों के लिए ई-मुलाकात (वीडियो कांफ्रेंसिंग) के जरिये अपने परिजनों से मिलने सुविधा प्रत्येक जेल में संचालित की गई है। साथ ही उन्होंने लीगल एड डिफेंस काउंसल सिस्टम के माध्यम से मिल रही निशुल्क विधिक सहायता के बारे में भी बंदियों को जागरूक किया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सुरेश सिंह जमरा ने कहा की सभी नागरिकों को अपने अधिकार मांगने का हक है एवं न्यायपालिका में सभी के लिए समान व्यवस्था लागू की गई है। जिला जेल अधीक्षक श्री पी के सिंह अपने उद्बोधन में कहा कि जिला जेल प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ सर्व सुविधायुक्त जेल है तथा यहां समय-समय पर विभिन्न सेवा प्रकल्पों के जरिए निरुद्ध बंदियों की समस्याओं को जिला प्रशासन द्वारा निराकरण किया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया ,जिला जेल अधीक्षक केपी सिंह द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत भाषण अध्यक्ष लायन विजय पलोड़ ने लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड की सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि लायंस क्लब गोल्ड द्वारा समय-समय पर जिला जेल में विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया जाता है।

**✻✻उठावना✻✻**

हमारी काकी जी एवं अनिता सो. विनिता, संगीता, निशा, रेखा (ग्रही) की माताजी श्रीमती मधुकान्ता बाई धर्म पत्नी स्वर्गीय श्री हरिप्रसादजी दरक का स्वर्गवास दिनांक 9/12/2023 वार शनिवार को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 11/12/2023 सोमवार को द्वारिकापुरी धर्मशाला माहेश्वरी भवन भाग 2 पर दोपहर 2.30 पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**हनुमानप्रसादी, रामप्रसाद, हरिशचन्द्र, नंदकिशोर, लक्ष्मीकान्त (राजू), रामप्रकाश, रामचन्द्र, सोहन लाल दरक एवं दरक परिवार मनासा नीमच**

### पंछी बचाओ अभियान के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए कियावत

मंदसौर, 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। पक्षियों की लगातार कम होती संख्या पृथ्वी पर बड़ा विषय बन रहा है, पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां अब विलुप्त हो रही है जिन्हें बचाना मानव का धर्म है, मानव सुविधा एवं संसाधनों को बढ़ाने के लिए इन बेजुबान पक्षियों पर अत्याचार हम कर रहे है। अगर हम अभी इन पक्षियों के प्रति



संवेदना नहीं रखेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ी पक्षियों को देख भी नहीं पायेगी। इन्ही सभी पहलुओ पर गंभीर होकर अनिल कियावत ने एक कदम जीव दया की और बढ़ाया है। लोगों को पंछियों के प्रति जागरूक करना उनकी पहली प्राथमिकता है मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी पंछी प्रेमी संस्था के रूप में काम रही पंछी बचाओ अभियान के जिलाध्यक्ष सभी की सर्व सहमति से अनिल कियावत को मनोनीत किया गया है। समिति के संस्थापक राकेश भाटी ने बताया कि संस्था 5 वर्षों से हर फील्ड में काम कर रही है। सभी के मार्गदर्शन और जन सहयोग से कोरोना, डेंगू, बाढ़, जैसी आपदा में मनुष्य के साथ साथ जीवदया में आगे रही है यही कारण है कि संस्था का विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मान किया गया। ये एक पहली संस्था है जिसमे सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित सदस्य भी इस संस्था में शामिल है। जो इस संस्था को सबसे अलग बनाती है संयोजक अंकित बैरागी ने बताया है कि संस्था की हमारी प्रदेशाध्यक्षा मार्गदर्शन करने वाली समाजसेवी गुरु अनिता दीदी के मार्गदर्शन हम कार्य कर रहे है। श्री कियावत के कार्यकाल में हम और अच्छा कार्य करेंगे वही टीम पहले से अब बहुत बड़ी बन चुकी है। और इतनी बड़ी टीम का नेतृत्व गुरु अनीता दीदी कर रही है। जो हम सभी के लिए सम्मान की बात है। आगामी दिनों में संस्था द्वारा श्री कियावत का पदभार ग्रहण संस्था के आगामी कार्यक्रम में होंगा। उपरोक्त जानकारी संस्था के संस्थापक राकेश भाटी ने दी।



### हर तीर्थ बार-बार, गंगा सागर एक बार

लूनाहेडा , 10 दिसम्बर गुरु एक्सप्रेस। हर तीर्थ बार बार गंगा सागर एक बार ।इसी तारतम्य में गांव लूनाहेडा के रामप्रसाद पाटीदार, जगदीश पाटीदार, पुष्कर पाटीदार, दुर्गा बाई पाटीदार सहित 8 सदस्य गंगा सागर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। यह यात्रा करीब डेढ माह की है। गांव के तीर्थ यात्रियो को यात्रा जाने पर ग्रामीणजनो ने बिदाई दी। सभी यात्रियों ने गांव के मंदिरों पर जाकर माथा टेक यात्रा सफल बनाने की कामना की। इस दौरान महेश पाटीदार मित्र मंडल ने यात्रियों का स्वागत किया।


**एजेंसी देना है**

**शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में**

दैनिक **गुरु एक्सप्रेस**

की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।

9425105927, 28-07422-495831

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in